nandgaon times aug-12-04.qxd 8/11/2024 11:05 PM Page 1

राजा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा... पृष्ठ 2 | लालबाग पुलिस ने अवैध शराब... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 12 अगस्त 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 301, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

गुरू घासीदास बाबा के विचार एवं संदेश मार्गदर्शक एवं प्रासंगिक - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ममतामयी मिनीमाता निर्वाण दिवस एवं जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल, ममतामयी मिनीमाता ने आजीवन नारी शक्ति को बढ़ाने, अस्पृश्यता को दूर करने के लिए किया कार्य

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित ममतामयी मिनीमाता निर्वाण दिवस एवं जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह का नाम गुरू घासीदास बाबा के नाम पर रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोनेसरार, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम साकरदाहरा, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोतीपुर में सतनाम भवन निर्माण एवं राजनांदगांव सतनाम भवन में मंच निर्माण के लिए 10-10 लाख रूपए तथा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव में ममतामयी मिनीमाता की प्रतिमा के लिए 5 लाख रूपए की घोषणा की। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा मुख्यमंत्री को साफा पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान के लिए शपथ दिलाई मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ममतामयी मिनीमाता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने जिला सतनामी सेवा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि सभी गुरू घासीदास बाबा के पथ पर चलते हुए सतनामी समाज को शिक्षा एवं विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद ममतामयी मिनीमाता पहली महिला सांसद रही हैं। अविभाजित मध्यप्रदेश में कार्य करते हुए उन्होंने आजीवन नारी शक्ति को बढ़ाने, अस्पृश्यता को दूर करने के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास बाबा ने 18वीं सदी में मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया तथा समाज में व्याप्त छूआ-छूत एवं भेदभाव को दूर करने के लिए उनके संदेश आज भी मार्गदर्शक एवं प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास बाबा के विचार एवं उनके संदेशों का अनुकरण करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य कर रही है। सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं विभिन्न वर्गों के हित में कार्य किया जा रहा है। रामलला दर्शन, तेंदूपत्ता योजना अंतर्गत 5500 रूपए मानक बोरा जैसी योजनाओं से आम जनता को लाभ मिल रहा है। गुरू घासीदास बाबा का आर्शीवाद ऐसे ही बना रहे और हम आम जनता के हित में कार्य कर सकें। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा गिरौदपुरी में जैतखाम के निर्माण, प्रदेश में सतनामी समाज के लिए भवन, सांस्कृतिक पंथी नृत्य को बढ़ावा देने के लिए उनके अवदानों को स्मरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ममतामयी मिनीमाता के योगदान से समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने महिलाओं के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है और उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है। वर्ष 1952 में पहली महिला सांसद के रूप में उन्होंने अस्पृश्यता को दूर करने के लिए कानून बनाने तथा समाज में व्याप्त कुप्रथा का सशक्त विरोध किया। उन्होंने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का नेतृत्व किया। सतनामी समाज तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गिरौदपुरी में जैतखाम के निर्माण के लिए मैं निमित्त बना इस बात कि खुशी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विभिन्न योजनाएं देश को विकास पथ पर आगे ले जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय गांव, गरीब एवं किसानों के हित में लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 2100 रूपए प्रति क्विंटल धान, 2 साल का बोनस 3000 करोड़ रूपए, महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख माताओं को 1000 रूपए देने की योजना से सभी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आम जनता के लिए जीवन भर का रास्ता बनाया है। आने वाले समय में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में और भी अच्छे कार्य होंगे और प्रदेश उन्नति की दिशा में आगे बढ़ेगा। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि सतनामी समाज अन्य सभी समाज को साथ लिए समरसता एवं सद्भावना के साथ आगे बढ़ते जा रहा है। उन्होंने ममतामयी मिनीमाता ने बाल विवाह को रोकने, अस्पृश्यता का निवारण करने तथा समाज के हित में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज द्वारा गुरू घासीदास बाबा के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में आवास का निर्माण किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हितग्राही इससे लाभान्वित हुए हैं। सतनामी समाज की उन्नति एवं विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को गुरू घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलना है। मदिरापान तथा गुटखा जैसे व्यसन से दूर रहना है।

मुख्यमंत्री को राजनांदगांव जिले के लिए विशेष स्नेह के प्रति आभार प्रगट किया। उन्होंने कहा कि ममतामयी मिनीमाता ने समाज का उत्थान किया और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि गुरू घासीदास बाबा के बताए हुए मार्ग मनखे-मनखे एक समान के अनुसार चले। मुख्यमंत्री इसी मंशा के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकानाएं दी।विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब ने कहा कि

यूथ वर्ल्ड जुजित्सु चैंपियनशिप हेतु चयनित राणा वसुंधरा सिंह ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से की मुलाकात...

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। यूरोप के ग्रीस में आगामी अक्टूबर माह में होने जा रहे यूथ वर्ल्ड जुजित्सु मार्शल आर्ट चैंपियनशिप के लिए चयनित डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की होनहार खिलाड़ी कुमारी राणा वसुंधरा सिंह ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयन होने पर वसुंधरा को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं साथ ही इस खेल के बारे में जानना भी चाहा जिस पर कोच राणा अजय सिंह द्वारा अपने मोबाइल वीडियो के माध्यम से उपमुख्यमंत्री के समक्ष वीडियो प्रस्तुत किया चर्चा के दौरान खेल संघ राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी ने श्री विजय शर्मा जी को बताया यह खेल भारत सरकार सहित छत्तीसगढ़ सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है, साथ ही बस्तर, राजनांदगांव, कवर्धा, रायपुर, धमतरी में बहुताय खिलाड़ी लगातार नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीत भी रहे है, जिसका निताजा है कि छत्तीसगढ़ से एक मात्र खिलाड़ी का चयन इन दिनों विश्व चैंपियनशिप के लिए हुआ भी है और अगर अगले वर्ष उत्तराखंड में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में इस खेल को रखा जाता है, तो नि:चित तौर पर छत्तीसगढ़ से सर्वाधिक पदक प्राप्त होने की संभावना है। जिस पर श्री शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा बिल्कुल खेल को बढ़ावा दिया जायेगा जो भी सकारात्मक कार्य होगा वह राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर राजनांदगांव जिला खेल संघ की ओर से प्रदेश महासचिव राणा अजय सिंह, जिलाध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी, जिला सचिव तरुण वरकड़े ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को मेमेंटो भेंट किया। साथ ही अगले वर्ष उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में जिजित्सु खेल को शामिल कराए जाने हेतु केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडविया जी व उत्तराखंड सरकार को पत्र प्रेषित करने का आग्रह किया।

मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा कावड़ यात्रियों को किया जा रहा फल ,चाय वितरण...

अभनपुर (नांदगांव टाइम्स)। मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट भारतवर्ष के तत्वाधान में आज अभनपुर में ट्रस्ट द्वारा कावर यात्रियों के लिए फ्त वितरण किया गया साथ में चाय दिया गया, इस कार्य में जनसंपर्क प्रभारी नागेश्वरी साहू ,गिंदी बाई सिन्हा, लक्ष्मी साहू , ममता साहू,राजिम से मातृशक्ति प्रभारी श्रीमती कृष्णा निर्मल्कर उपस्थित रहे, ट्रस्टी अध्यक्ष परम पूज्य परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिए।

मुख्यमंत्री ने मिनीमाता की पुण्यतिथि पर ममतामयी मिनीमाता प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता पुण्यतिथि पर सतनाम भवन नया बस स्टैण्ड राजनांदगांव स्थित ममतामयी मिनीमाता प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ममतामयी मिनीमाता प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पूर्व बाबा गुरू घासीदास मंदिर में दीप प्रज्वलित किए और आरती की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, श्री सचिन बघेल, श्री खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, श्री रमेश पटेल, श्री भरत वर्मा, श्री कोमल राजपूत, श्री दिनेश गांधी, आईजी श्री दिपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, जिला सतनामी सेवा समिति के प्रमुख एवं पदाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में मयूरी सिंह फरीदाबाद की पर्यवेक्षक नियुक्त

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा ने एक नियुक्ति पत्र जारी कर सुश्री मयूरी सिंह को हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 तक फरीदाबाद जिले का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें फरीदाबाद जिले की जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष के साथ संपर्क साधकर उक्त विधानसभा क्षेत्र की कमान संभालने का निर्देश भी दिया है। अलका लाम्बा को यह विश्वास है कि, सुश्री मयूरी सिंह, पूरी सक्रियता और निष्ठा से कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर, कांग्रेस की विचार धारा को आगे बढ़ाने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी संभालेंगी। उन्होंने यह भी भरोसा जताया है कि, निश्चित तौर पर सुश्री मयूरी सिंह के प्रयासों से पार्टी को लाभ होगा। बीते लंबे समय की सक्रियता और उनके जुझारूपन के कारण ही संगठन ने उन पर विश्वास जताकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उनकी इस नियुक्ति से संगठन में हर्ष का माहौल है, उनकी नियुक्ति पर संगठन, इष्टजनों मित्रों और शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है।

युवा कांग्रेस ने वृक्षरोपण एवं ध्वजारोहण कर मनाया युवा कांग्रेस का 64 व स्थापना दिवस

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय युवा कांग्रेस के 64 वीं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा के द्वारा भारतीय युवा कांग्रेस के ध्वज का ध्वजारोहण किया गया 7 युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को त्याग, न्याय, शांति, धर्म, विज्ञान, समृद्धि एवं सत्य की राह पर चलने के लिए शपथ दिलाया और कहा कि युवा कांग्रेस के स्थापना का 64 वर्षों का सफर आधुनिक भारत की कहानी कहता है। आज का दिन इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन युवा कांग्रेस अपने 65वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर हसदेव के सम्मान में युवा कांग्रेस मैदान में कार्यक्रम के तहत राजनांदगांव जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा लखोली वार्ड में छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल के सम्मान में पौधारोपण किया गया... युवा कांग्रेस जिला शहर अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा ने कहा कि युवा कांग्रेस ने भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ कदम पर कदम मिलाते हुए हर स्थिति में सत्य, अहिंसा और संघर्ष के मार्ग पर चला है तथा हमेशा जनता के हित में कदम उठाया है। युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सयोजक नितिन बत्रा* ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत की मजबूत नींव रखने में सशक्त भूमिका निभाई है। जिसकी वजह से भारत विश्व में एक मजबूत शक्ति बनकर उभरा है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि दिनु साहू ,युवा कांग्रेस उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश पांडे , रणवीर सिंग कंग , सतविंदर सिंह , शुभम प्रजापति ,सोनू सिंह , मुकुल सोनवानी , शुभम डोंगरे , गौतम , अमित भीमकार , विशाल , आदित्य , शुभम जंघेल , सहित भारी संख्या में युवा कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे।

nandgaon times aug-12-04.qxd 8/11/2024 11:05 PM Page 2

राजा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली गई

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर में संस्कारधानी की तर्ज पर राजा श्री चंद्रमौलेश्वर जी की पालकी शोभायात्रा नगर में शनिवार को धूमधाम से निकल गई इस पलकी यात्रा में संगीत मय शोभा यात्रा में बाबा महाकाल की भक्तों तथा महिलाओं में श्रद्धा पूर्ण उत्साह देखा गया शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया और राजा श्री चंद्र मौलेश्वर की आरती उतारी गई महाकाल शिव भक्त के लिए अलौकिक व पवन श्रावण मास के अवसर पर नगर में आयोजित राजाश्री चंद्र मौलेश्वर जी की पालकी यात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर किल्लापारा से किया गया इस यात्रा में धूमांल रीलों नृत्य तथा संगीत में प्रस्तुति के साथ-साथ शोभा यात्रा में सदर लाइन फोहारा चौक श्री राम द्वार चौकी रोड गौरवपथ पुराना बस स्टैंड होते हुए साकेत धाम शिव मंदिर शिवालय तक पहुंच कर विसर्जित हुई यहां पर शिव भक्तों द्वारा महाआरती की गई बाबा के भक्तों द्वारा इस पालकी यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया वहीं पालकी में सवार राजा श्री चंद्रमौलेश्वर की नगर वासियों ने आरती उतारी और आशीर्वाद लिया इस दौरान पालकी यात्रा में दुर्ग राजनाद गांव रायपुर से पधारे प्रसिद्ध भजन गायको ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई

अघोरियों बाबा का प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

राजा श्री चंद्र मौलेश्वर जी की पालकी यात्रा में खासकर अघोरियों बाबा सहित दूत पिशाच बजरंगबली आदि बने लोग आकर्षण का केंद्र रहे इन कलाकारों ने नगर के अनेक चौक चौराहा में अपनी कला का प्रदर्शन भी किया गया भूत प्रेत का नृत्य भी छोटों को डराता और बड़ों को आकर्षित करता रहा जटा से निकलते हुए धुआं भभूत में लिपटा शरीर अघोरियों की डरावनी आंखें गले में लिपटा हुआ नरमुंड लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचता रहा खासकर अघोरियों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा शिव भक्त शुरू से ही थिरकते हुए नजर आए पालकी यात्रा में शामिल अधिकांश लोग भारतीय हिंदू वेशभूषा में थे महिलाएं जहां लाल पीली साड़ियां में थी वही बालिकाएं भी पीला सलवार सूट इत्यादि पहने हुई थी अधिकांश पुरुष भक्त कुर्ता पैजामा धोती में नजर आए इस दौरान बड़ी संख्या में पालकी यात्रा में शामिल भक्त जय महाकाल ओम नमः शिवाय की जयकारा लगाते हुए हजारों की संख्या में शामिल हुए थे।

प्रयास विद्यालय के लिए पनियाजोब के 4 बच्चो का चयन

जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगाव विधान सभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम पनियाजोब से एक ही गांव के चार छात्र केयारानी यादव पिता

रमलेश यादव, कशिश मरकाम पिता सुरज मरकाम, टेकांत साहू पिता मनोहरलाल साहू, भावेश उईके पिता महादेव उईके का चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। जिसका सम्मान आज ग्राम के आनंद विहार मे आयोजित सावन रूद्र पूजा करने आए आर्ट ऑफलिविंग आश्रम बैंगलोर के स्वामी मुक्तानंद के हाथो सम्मानित किया गया। विदित हो कि उक्त चयनित सभी छात्र छात्राओ को आर्ट ऑफलिविंग परिवार से जुड़े सत्यदेव साहू के स्थानीय आनंद विहार पर उनके सुपुत्री कु चुनिका साहू द्वारा कोचिंग व मार्गदर्शन दिया गया इनके द्वारा 5 बच्चो की तैयारी कराई गई जिसमे से 4 बच्चो का चयन हुआ है। इसके पूर्व भी इसी तरह एक छात्र का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। इस सफ्लता पर ग्रामीणो मे हर्ष व्याप्त है। इसके साथ ही सफ्ल छात्र छात्राओ व उनके प्रशिक्षक कु चुनिका साहू को लगातार बधाई संदेश मिलने लगा है। बधाई देने वालो मे आर्ट ऑफलिविंग के प्रशिक्षक गुलाब देशमुख, मन्नू सिन्हा, दानी साहू, संजीव वशिष्ठ, नंदू अग्रवाल, लखन लाल साहू, अमरनाथ साहू, शंकर पटेल, विश्राम साहू, चंद्रगुप्त साहू, आदि प्रमुख है।

पदुमतरा में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि, ग्रामीण

पर्यावरण संरक्षण के लिए वृहद स्तर पर वृक्षारोपण जरूरी : ओमप्रकाश साहू

राजनांदगांव। ब्लॉक के पदुमतरा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण किया गया। साथ में उनकी सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाया गया। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से जागरूक होने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि वनों का दायरा सिमटना चिंताजनक है। हमें वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम अपने जीवन में 2 पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, जिनसे हमारा जीवन सार्थक हो सके। ग्राम के सरपंच ललिता मोहन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ वन संपदा के मामले में धनी है, लेकिन यह तभी तक रह पाएगा, जब लोग इसे बचाए रखने में सहयोग करेंगे। यह काम किसी एक का नहीं है, बल्कि यह हम सभी की जवाबदारी होना चाहिए। वृक्षारोपण के दौरान प्रमुख रूप से मोहन साहू, राकेश साहू, दुर्गाराम साहू, नागेश साहू, हरिकिशन सेन, दिनु राम, टोपेश साहू, लोकेश साहू, उत्तम साहू, कुंजलाल साहू, राकेश गौतम, पवन महोबिया, चंद्रकांत साहू, सेवक देवदास, रितेश सिन्हा, लतखोर साहू, पंच कुमारी साहू, दयाबाई साहू, नंदनी महोबिया, भुनेश साहू, चंद्रिका महोबिया, केशव साहू, रंजीत साहू, खेमचंद साहू, विकास साहू, मनीष साहू, नीलू निर्मलकर सहित राम मंदिर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों व ग्रामीण उपस्थित रहे।

बच्चों के टेस्ट पेपर देख खुश हुए पालक

कहा एक माह की पढ़ाई में दिख रहा असर...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नवीन जिला मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी के चिल्हाटी रोड स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल में आज पालकों ने अपने बच्चों के प्रोग्रेस की जानकारी ली । एक माह की पढ़ाई के बाद आयोजित टेस्ट पेपर में बच्चों के कार्य को देख पालकों ने खुशी का इजहार किया । राम निवास सारडा एग्रीकल्चर कॉलेज कैंपस में संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार 10 अगस्त को पालकों ने अपने बच्चों की एक माह की पढ़ाई के बाद उनके द्वारा सीखे गए नंबरों और शब्दों के साथ शुरुआती अध्ययन का अवलोकन किया। संस्था प्राचार्य डॉ .एस. के.मिश्रा ने बताया कि प्राचार्य के आमंत्रण पर पालकों ने स्कूल में आकर प्रथम यूनिट टेस्ट में बच्चोंनके परफॉर्मेंस को देखा । लगभग सभी पालकों ने संतोष प्रकट करते हुए शिक्षिका श्रीमती चंद्रिका वर्मा तथा सुश्री मिस्त्री की अध्यापन कला को बच्चों की शुरुआती शिक्षा के अनुकूल बताया । नवाचार के साथ बच्चों को अक्षर ज्ञान करने के तरीकों को भी सराहना मिली । प्राचार्य डॉक्टर मिश्रा ने पालकों से सुझाव भी मांगे ताकि बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा प्रदान की जा सके ।

पदुमतरा में धूमधाम से निकाली गई महाकाल पालकी यात्रा

राजनांदगांव। पदुमतरा में श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति एवं ग्रामवासी द्वारा पहली बार बाबा महाकाल की पालकी यात्रा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद निकाली गई। बाबा महाकाल की पालकी यात्रा का शुभारंभ अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सरपंच ललिता मोहन साहू, फ्लीस साहू समस्त ट्रस्ट सदस्य ग्रामवासियों ने बाबा महाकाल को तिलक लगाकर व पूजा अर्चना कर की। पालकी यात्रा श्री राम मंदिर से शुरू होकर वार्ड नंबर-6 से होते हुए वापस बघेल बाँडी चौक होकर बाजार चौक से प्यारेलाल चौक से होकर श्री राम मंदिर में समापन पूजा-अर्चना के साथ किया गया। ट्रस्ट द्वारा महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, फ्लीश कुमार साहू, सेवक साहू, विनोद वर्मा, सुंदर लाल वर्मा, हिरीलाल साहू, रितेश सिन्हा, दिनेश साहू, सोनू साहू, मोहित साहू, चेलेश साहू, रुपेश साहू, कृष साहू, मनीष साहू, विकास साहू, तरुण साहू, बुधर गंधर्व, मनराखन निर्मलकर, रोशन बरैया, सालिक यादव, शत्रुहन यादव, नागेश साहू, दिनु साहू, पप्पू साहू, रवि ठाकुर, सुकलाल साहू, राकेश साहू, पवन महोबिया, मोहन साहू, हरिकिशन सेन, राकेश गौतम, यशोदा साहू, तीजन साहू, कुमारी साहू, दयाबाई साहू, नंदनी महोबिया आदि मौजूद रहे।

निधन

रत्नादास वैष्णव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। तुलसीपुर निवासी रत्नादास वैष्णव (69 वर्ष) का 8 अगस्त को अकास्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे शासकीय सेवानिवृत थी। वे लीना वैष्णव एवं सौरभ वैष्णव की माता एवं आशीष वैष्णव की सास थी।

सप्ताह के सितारे (12 अगस्त 2024)

दैनिक शुभ राशि

सोम	2- 3- 8 - 0	23-32-28-82-38-83
मंगल	1- 3 - 7 - 9	37-73-39-93-79-97
बुध	2 - 4 - 5 - 7	24-42-27-72-47-74
गुरू	1- 4 - 8 - 9	48-84-49-94-89-98
शुक्र	2 - 3 - 4 - 8	29-92-34-43-78-87
शनि	3 - 5 - 6- 0	67-76-12-21-09-09

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 1 - 5 - 6 - 0
सप्ताह का वरदान -8 स्पेशल - 52- 12 -68 -08

सप्ताह में देखे

(1) 11 - 15 - 16 - 10 (6) 61 - 65 - 66- 60
(2) 21 - 25 - 26 - 20 (7) 71 - 75 - 76 - 70
(3) 31 - 35 - 36 - 30 (8) 81 - 85 - 86 - 80
(4) 41 - 45 - 46 - 40 (9) 91 - 95 - 96 - 90
(5) 51 - 55 - 56 - 50 (10) 01 - 05 - 06 - 00

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

(कल्याण)	(नाइट बाजार)
26-91-29-88-04-55	12-98-77-23-33
95-37-02-99-70-82	77-38-49-27-17
55-13-34-31-39-89	81-81-51-45-98
94-23-27-13-81-49	39-34-58-12-31
07-67-46-49-64-87	91-12-08-45-67

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

चोरी मामले मे पुलिस को मिली बड़ी सफलता

रात्रि में महंगे 06 नग मोबाईल की चोरी की थी

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व अवैध शराब बिक्री, चोरी एंव अन्य संदिग्ध गतिविधियो पर पैनी नजर रखते हुए कार्यवाही की गई है इसी दरमियान 27.जुलाई को उमरवाही से शरीफखान ने अपने मोबाईल दुकान उमरवाही से मोबाईल चोरी होने की रिपोर्ट डोंगरगांव थाने में दर्ज कराई जिसमे थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के द्वारा गंभीरता से लेते हुये अज्ञात आरोपी की सुराग खोजते हुए थाना डोंगरगांव मे गठित पुलिस टीम की स्वयं नेतृत्व करते हुये विवेचना के दौरान मुखबीर सुचना मिला कि ग्राम चिलमगोटा के कुछ लड़के चिलमगोटा व रेंगाडबरी मे मोबाईल बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहे है कि सुचना पर मौके पर पहुंच कर सुचना की तस्दीक किया 03 लड़के मौके पर ग्राहक तलाशते हुये मिला , जिसे पकड़ कर मोबाईल के संबंध मे पुछताछ किया ,जिन्होने ग्राम उमरवाही बस स्टैण्ड के पास लगे भारतीय मोबाईल दुकान मे लगे सीट को हथौड़ी से तोड़कर अंदर प्रवेश कर दुकान के रेक मे रखे मोबाईल 07 नग को चोरी करना एवं आपस मे दो-दो मोबाईल को तीनो लोगों मे बटवारा करना एवं एक मोबाईल जो खराब था को उमरवाही मे घटना स्थल के पास तालाब के गहरे पानी मे फेंक देना बताये एवं घटना करना स्वीकार किया , चोरी के मोबाईल को पेश करने पर मोबाईल 06 नग कीमती ङ्क 33,000/- एवं घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल क्र0 छ्त्र08ङ्क7527 कीमती 30,000/-रूपये कीमती रकम 63,000/- रूपये को जप्त किया , गया । पकड़े गए आरोपी में टेमन लाल साहू पिता रामखिलावन साहू, धनवार साहू पिता सुपालसिंह साहू, . महेश्वर ऊर्फ मानस पिता राम कुमार , , सभी- ग्राम चिलमगोटा ,मंगचुवा , बालोद ,को 10.अगस्त को 6 बजे , गिर0 किया गया है न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है ।

ममतामई मिनी माता की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। ममतामई मिनी माता की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर ग्राम टेलकाडीह में डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस पावन अवसर पर श्रीमती बघेल ने अपने उत्बोधन में ममता मई मिनी माता की भूमिका को बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता छत्तीसगढ़ की बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी थी। अपने प्रखर नेतृत्व क्षमता की बदौलत राष्ट्रीय नेताओं के बीच उनकी अलग पहचान थी। दलित शोषित समाज ही नहीं सभी वर्गो ने उनके नेतृत्व को मान्य किया था। उन्होंने संसद में अस्पृश्यता निवारण अधिनियम पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिनीमाता समाज हितैषी कार्यों की वजह से लोकप्रियता के शीर्ष पर पहुंची। मिनीमाता ने समाजसुधार सहित सभी वर्गों की उन्नति और बेहतरी के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने जन सेवा को ही जीवन का उद्देश्य मानकर कार्य किया। उन्होंने नारी उत्थान, किसान, मजदूर, छुआ-छूत निवारण कानून, बाल विवाह, दहेज प्रथा, नि:शक्त व अनाथों के लिए आश्रम, महिला शिक्षा और जनहित के अनेक फैसलों और समाज हितैषी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मिनीमाता की राजनीतिक सक्रियता और समर्पण से पीड़ितों के अधिकार हेतु संसद में अनेक कानून बने। इस अवसर पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, श्रीमती सरोजनी बंजारे, केजनाथ समलिया, भीमसेन टंडन, अश्वनी बारले, हुनर कुर्रे, अनिल जांगड़े, रूपकुमार जांगड़े, उत्तमदास मानिकपुरी, गिरधर जी, सीताराम जी, रामेश्वर जांगड़े, दीपक, रतन यादव सहित सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

ज्ञान मंथन

1) ग्राण्ड एन्टीकट नहर किस नदी से निकाली गई है?

2) राष्ट्रपति भवन किस पहाड़ी पर स्थित है?

3) हाल ही में भारतीय सेना ने पर्वत प्रहार अभ्यास का आयोजन कहाँ किया?

4) मिथिलेश स्टेडियम कहाँ स्थित है?

5) हाल ही में मोहम्मद यूनुस किस देश की अंतरिम सरकार के नेता पद पर नियुक्त हुए है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) कावेरी (2) रायसीना (3) लद्दाख (4) पटना (5) बांग्लादेश

आजादी के सिपाही - तुलसी प्रसाद मिश्रा

छुरिया विकासखंड के चिरचारी कला में 9 नवंबर 1903 को तुलसी प्रसाद मिश्रा का जन्म हुआ । 1929 में शिक्षक की नौकरी से त्यागपत्र देकर आजादी की लड़ाई में अपने आप को झोंक दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से आप इतने प्रभावित हुए कि वर्धा आश्रम में तीन माह रह कर सत्य, सेवा, अहिंसा और सत्याग्रह की ओर उन्मुख हो गए थे. राजनांदगांव जिले का एक विकासखंड छुई खदान की शहीद नगर के रूप में पहचान बन गई है। जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में ठाकुर प्यारेलाल सिंह, लोटन सिंह ठाकुर, कुंज बिहारी चौबे, आर.एस. रूईकर,गोवर्धन लाल वर्मा, कन्हैया लाल अग्रवाल, दशरथ साहू, मानिक भैया गोंटिया वाले, रामाधीन गोंड़ , दामोदरदास टावरी, विद्या प्रसाद यादव, विश्राम दास बैरागी, बहुर सिंह ठाकुर, बुद्धू लाल साहू, रेवती दास के साथ पंडित तुलसी प्रसाद मिश्रा का भी योगदान सराहनीय रहा है।

प्रारंभिक जीवन

छुरिया विकासखंड के चिरचारी कला में पंडित अयोध्या प्रसाद मिश्रा एवं बिसाहिन मिश्रा के घर 9 नवंबर 1903 को तुलसी प्रसाद मिश्रा का जन्म हुआ। सन 1914 में सातवीं बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण कर पिताजी की प्रेरणा से चिरचारी कला में बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने लगे.आपके लगन से प्रभावित होकर उच्च शिक्षा अधिकारी ने शासकीय शिक्षक के रूप में नियुक्ति दे दी। सन 1928 में कमला मिश्रा के साथ आपका विवाह हुआ । तुलसी प्रसाद मिश्रा अपने वेतन से गरीब बच्चों के लिए पुस्तक ,कापी ,पेन खरीदने के साथ ही निर्धन ग्रामीणों का सहयोग करते थे । सन 1924 में ग्राम के बुजुर्गों के साथ मिलकर आपने ग्राम विकास समिति का गठन कर जन जागरण के संदेश देने लगे। इसकी भनक अंग्रेज अधिकारियों को लगी तो वे गुस्से में मिश्रा को शाला प्रांगण में ही ग्रामीणों के बीच अपमानित करने लगे । इससे ग्रामीण अंग्रेज शासक के प्रति आक्रोशित हो गए, लेकिन समय के पारखी की मिश्रा ने सब को शांत करा दिया । उस समय तुलसी प्रसाद के नाना रामअवतार जी राजनंदगांव स्टेट की रानी साहिबा सुंदरिया बाई के यहां मुख्तयार की नौकरी करते थे। आज भी चिरचारी कला में रानी साहिबा की 52 एकड़ की कृषि भूमि है। जब रानी साहिबा को पता चला कि उनके साथ अंग्रेज अधिकारियों ने बुरा व्यवहार किया है तो उन्हें राजनंदगांव बुलाकर उच्च पद पर नौकरी देना चाहा, लेकिन उन्होंने अस्वीकार कर दिया। आजादी के बाद भी वे निरंतर समाज सेवा में तत्पर रहे। मिश्रा जी आचार्य विनोबा भावे जी के साथ भू - दान आंनदोलन मे भी सक्रिय रहे।

राष्ट्रप्रेम के लिए समर्पण

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से आप इतने प्रभावित हुए कि आपने जीवन को मातृभूमि के लिए समर्पित कर दिया।

नवंबर 1927 में महात्मा गांधी के मानस पुत्र जमना लाल बजाज जी ने राजनांदगांव में सत्याग्रह सम्मेलन रखा था। उस समय बजाज के साथ रानी साहिबा के महल में मिश्रा भी रुके थे । रानी साहिबा ने उन्हें बाजाज से मिलाया और दोनों सत्याग्रही सदस्य बन गए। इस दौरान गोवर्धन राम वर्मा और लोटन सिंह जी ठाकुर सत्याग्रह सदस्य रूप में अग्रणी थे ।

सक्रिय कार्यकर्ता

अंग्रेजों की गलत वन नीति के चलते ग्रामीणों को लकड़ियों काटने ,वनोपज लगाने ,घास काटने ;और मवेशी चराने भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था । इसके विरुद्ध मिश्रा ने आवाज बुलंद किया और जंगल सत्याग्रह की अगुवाई की । ठाकुर बांधा जंगल सत्याग्रह से अंग्रेज सरकार के विरुद् लोग एक होकर लड़े । छुरिया अंचल में जंगल सत्याग्रह का एक विशिष्ट स्थान रहा है इस सत्याग्रह में अंचल के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े लोगों को 5 मई 1936 को राजनांदगांव के उप जेल भेज दिया गया । 1 जनवरी 1937 को वे जेल से रिहा हुए । जेल से छूटने के बाद उनके जोश में और बढ़ोतरी हो गई। आंदोलनकारियों की बैठक लेकर 21 जनवरी 1939 को उग्र आंदोलन प्रारंभ हुआ। जिसमें आसपास की ग्रामों की जनता का पूर्ण सहयोग मिला। 21 जनवरी 1940 को जंगल सत्याग्रह चिरचारी कला से बाग द्वार फिर बादरा टोला पहुंचा । इस बीच बीच तत्कालीन मजिस्ट्रेट सुखदेव प्रसाद डोंगरगांव थानेदार के साथ हथियारबंद जवानों को लेकर बादरातोला पहुंच गए । पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोली चलाई। जिसमें रेवती दास को गोली लगने पर घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। रामाधीन गोंड़ के छाती में गोली लगने से वह शहीद हो गए ।

मिश्रा जी का आजादी का आंदोलन चलता रहा। अंग्रेज सिपाही मिश्रा के घर पहुंचकर उनके पत्नी और बच्चों को प्रताड़ित करते थे। ताकि वे टूट कर आंदोलन की राह से हट जाए। परंतु वे बिना विचलित हुए जी जान से अंतिम समय तक लड़ते रहे। 6 मई 2010 को आपने अंतिम सांस ली। जिले के जनप्रतिनिधियों एवं हजारों लोगों की उपस्थिति में गैंदाटोला थाना पुलिस बल द्वारा सशस्त्र सलामी देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिरचारी कला का नामकरण इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर किया गया है। उनके छोटे से पुत्र प्रहलाद कुमार मिश्रा प्रवचन कार एवं साहित्यानुरागी हैं । छुरिया क्षेत्र के अनेक सूरवीरों का संघर्ष छुरिया अंचल ही नहीं , अपितु राजनांदगांव जिला के साथ ही प्रदेश की आजादीकी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया है।

आलेख : देवेन्द्र साहू
राजनांदगांव, छत्तीसगढ

शांति नगर कैलाश धाम में तुलाराम नंदनवार ने किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार और छत्तीसगढ़ में बड़े उत्साह के साथ हरियाली का त्यौहार मनाया गया। तुलाराम नंदनवार में कैलाश धाम मंदिर परिसर में विश्व मानव अधिकार परिषद द्वारा रुद्राक्ष के पौधों का वृक्षारोपण किया गया है। साथ ही उन्होंने सभी को हरियाली त्यौहार की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। श्री नंदनवार ने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण का अभिन्न अंग है। मानव जीवन में पेड़ों का बहुत बड़ा अस्तित्व है। पेड़ से ऑक्सीजन मिलता है। मानव जीवन में पेड़ों का बहुत बड़ा महत्व है। इस दौरान तुलाराम नंदनवार के साथ राधे लाल साहू , छेदू साहू , दीवान चंद गड़पायले, शंकर सिन्हा ,लेखराम साहू ,देवेश साहू आदि उपस्थित थे।

बच्चों के लिए तिरंगा भोजन है पोषक तत्वों से भरपूर पौष्टिक भोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पोटू लईका पहल कार्यक्रम के तहत युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जनसहभागिता से संचालित इस अभियान में जनसामान्य को बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान, पौष्टिक आहार, स्वच्छता संबंधी व्यवहार, स्वास्थ्य के प्रति सजगता के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति माताओं एवं परिवारजनों में जागरूकता लाने से यह एक स्थायी समाधान होगा। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न फल, सब्जी, अनाज का उपयोग करते हुए बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस अभियान अंतर्गत जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। कलेक्टर के नेतृत्व में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में इस अभियान के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में पालक चौपाल का आयोजन किया जाता है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत पालकों को विशेष तौर पर तिरंगा भोजन का महत्व बताया गया और जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने हर घर तिरंगा की शपथ भी ली।

लालबाग पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लालबाग पुलिस ने चिल्ली सेन्टर के आड़ में अवैध शराब बेचने वाले आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया है। पुलिस अवैध शराब बेचने वाले आरोपी को जेल भेजा गया। आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामले में जा जेल चुका है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक द्वारा जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब बिक्री को रोकथाम के अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व पर थाना लालबाग स्टाफजुर्म जरायम पतासाजी ग्राम भ्रमण पेट्रोलिंग पर देहात की ओर रवाना हुआ था। मुखबीर सूचना मिला कि आरोपी धनुष यादव चाचा मिल जंगलपुर के पास मित्रम एगरोल चिकन चिल्ली सेन्टर में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे है। मुखबीर सूचना पर रवाना होकर मौके पर जाकर समक्ष गवाहन घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी धनुष यादव पिता शिव कुमार यादव उम्र 23 वर्ष निवासी रामपुर थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के कब्जे से 140 पीवा, 25.200 बल्क लीटर शोले देशी प्लेन शराब किमती 12,790 रू जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना लालबाग में अपराध कमांक 331/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप, सउनि शोभाराम बेरवंशी, आरक्षक राजकुमार बंजारा,

किराया भंडार संघ का बैठक संपन्न

राजनांदगांव। किराया भंडार संघ का बैठक शनिवार को मोतीपुर भवन में रखा गया जिसमें सभी को समझाया गया कोई भी सदस्य खंभे से डायरेक्ट लाइट नहीं लेंगे कोई भी सदस्य बिना अनुमति के रोड या रास्ते में पंडाल नहीं लगाएंगे 20 हजार से अधिक के काम होने पर एग्रीमेंट कर ही काम करेंगे। संघ का सदस्य है उसी से लेनदेन करेंगे अपने-अपने आसपास वृक्षारोपण करेंगे संघ का भवन निर्माण के लिए सहयोग देंगे गणेश उत्सव दुर्गा उत्सव विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा महाकाल यात्रा मे सेवा पंडाल लगाया जाएगा घर घर तिरंगा लगाया जाएगा। आगामी बैठक 18 अगस्त रविवार को देवांगन भवन मोतीपुर में रखा गया है जो सदस्य जुड़ना चाहते हैं संजय साहू से संपर्क कर सकते हैं । उमेश साहू अध्यक्ष राजा देवांगन उपाध्यक्ष नवीन घरडे सचिव संजय साहू उपाध्यक्ष सलाहकार राजेश यादव ताहिर हसन महेश्वर साहू लाला साहू कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष लारिया ,सोनू सिंन्हा रवि बिश्नोई ,भुनेश्वर साहू ,विक्की यादव ,नागेश साहू ,गोपाल लाईट साईं टेंट ,राजा बैद, लक्की लाईटआदि उपस्थित थे आगामी बैठक में अधिक से अधिक शामिल होने की अपील गौरव टेंट हाउस ने किया है।

डौंडी लोहारा विधान सभा के सरपंच तथा कार्यकर्ता ने की लाल निवेद्र सिंह टेकाम जी के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री जी से की सौजन्य मुलाकात

डौंडीलोहारा (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत सहगांव के प्रतिनिधि सरपंच सुंदर सिंह यामले उपसरपंच भूषण लाल देवांगन सचिव लच्छन लाल पटेल ने अपनी स्थानीय मांग को लेकर राजमहल के कुंवर लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के नेतृत्व मे सौजन्य मुलाकात किए 7 ज्ञात हो कि युवराज़ निवेन्द्र टेकाम जब से राजनीति में आये है तब से जमीनी स्तर पर लोगो की बातों को सुनकर सदैव उनकी समस्याओं का निदान करवाने में शासन प्रशासन स्तर पर उनके सभी कार्य का निराकारण करवाने के लिये प्रयासरत रहते है, इससे पूरे डोण्डी लोहारा विधान सभा क्षेत्रो में खास करके वनचल क्षेत्रो में बाहोत ही समस्याओं का अंबार लगा रहता है लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से बढ़ती दूरियों के कारण अपनी समस्याओ अपनी बात को ऊपर शासन प्रशासन तक नही रख पाते , युवराज टेकाम की बढ़ती लोकप्रियता से और मिलन सार व्यक्तित्व के कारण आज उनके प्रखर वाकपटुता, मददगार करने की नेरतृत्व क्षमता से लोगो और जनताओ को काफी सरलता एवं सहज बनाती है इस अवसर पर सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता हरीश वर्मन निखिल शर्मा व मनीष राजपूत उपस्थित थे श्री

टेकाम ने कहा की मेरे माता पिता सदैव आदिवासी वनाचल के लोगो तथा सभी वर्ग के नागरिक कार्यकर्ता सभी को परिवार समझ इस क्षेत्र को उचाइयों तक ले गए है वैसे ही पूरे क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है और उनके लिए हर संभव उनके लिए मैं खड़ा रहूंगा और लड़ाई लड़नी पड़े उसके लिए भी मैं हमेशा अग्रशर रहूंगा।

निधन

विजय गुप्ता

डॉगरगढ़ । गुप्ता ट्रेडर्स के संचालक विजय गुप्ता का आकस्मिक निधन 11 अगस्त रविवार को साय: 4 बजे हो गया। श्री गुप्ता अपने पीछे तीन पुत्र विवेक गुप्ता अखिलेश गुप्ता और विकास गुप्ता सहित भरापूरा परिवार व संसार छोड़ ब्रह्मलीन हो गए । नगर सहित ग्रामीण अंचल की समाजसेवी सँस्था सहित गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन करते श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री गुप्ता की अंतिम यात्रा नाकापारा स्थित उनके निज निवास गुप्ता ट्रेडर्स गोदाम से सुबह 11 बजे निकाली जाएगी ।000

धर्म समाचार....

सावन के चौथे सोमवार पर करें भगवान शिव का राशि अनुसार अभिषेक, चमक जाएगी आपकी किस्मत

धार्मिक मान्यता है कि सावन के सोमवार पर विधिपूर्वक भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से विवाहित स्त्रियों को अखंड सुहाग की प्राप्ति होती है। वहीं अविवाहित जातकों के विवाह में आ रही बाधा दूर होती है। इसके अलावा पूजा के बाद महादेव को प्रिय चीजों का भोग लगाकर लोगों में प्रसाद का वितरण करें। शिव भक्तों के लिए सावन का महीना बेहद खास होता है। इस महीने में देशभर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिलता है। सनातन धर्म में इस महीने को बहुत ही पवित्र माना गया है। साथ ही यह समय शिव की आराधना के लिए सर्वोत्तम माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि सावन सोमवार पर महादेव की पूजा करने से वह प्रभु प्रसन्न हो जाते हैं। अगर आप भी देवों के देव महादेव की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो सावन के चौथे सोमवार पर राशि अनुसार भगवान शिव का अभिषेक करें। इससे साधक को सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। सावन का चौथा सोमवार व्रत शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर किया जाएगा। सप्तमी तिथि 12 अगस्त को है। पंचांग के अनुसार, इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04 बजकर 23 मिनट से लेकर 05 बजकर 06 मिनट तक रहेगा। वहीं, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 59 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 52 मिनट तक रहेगा।

शिव जी का करें राशि अनुसार अभिषेक

मेष राशि के जातक सावन के चौथे सोमवार पर शहद



या चंदन मिश्रित गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करें।

वृषभ राशि के जातक जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति के लिए सावन के चौथे सोमवार पर कच्चे दूध से भगवान शिव का अभिषेक करें।

मिथुन राशि के जातक सावन के चौथे सोमवार पर गंगाजल में बेलपत्र डालकर महादेव शिव का अभिषेक करें।

कर्क राशि के जातक सावन के चौथे सोमवार पर शुद्ध घी से शिव जी का अभिषेक करें।

सिंह राशि के जातक मनचाहा वर पाने के लिए सावन के चौथे सोमवार पर गन्ने के रस से भगवान शिव का अभिषेक करें।

कन्या राशि के जातक शुभ फल की प्राप्ति के लिए सावन के चौथे सोमवार पर गंगाजल में पान का पत्ता या दूर्वा डालकर भगवान शिव का अभिषेक करें।

तुला राशि के जातक शुक्र ग्रह मजबूत करने हेतु सावन के चौथे सोमवार पर पंचामृत से शिव जी का अभिषेक करें।

वृश्चिक राशि के जातक सावन के चौथे सोमवार पर पर गंगाजल में शहद मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें।

धनु राशि के जातक सावन के चौथे सोमवार पर गाय के कच्चे दूध से महादेव का अभिषेक करें।

मकर राशि के जातक महादेव की कृपा प्राप्त करने के लिए सावन के चौथे सोमवार पर गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें।

कुंभ राशि के जातक सावन के चौथे सोमवार पर नारियल जल से भगवान शिव का अभिषेक करें।

मीन राशि के जातक विवाह में आ रही बाधा को दूर करने के लिए भगवान शिव का दूध में केसर मिलाकर यानी केसर मिश्रित दूध से अभिषेक करें।

शिवलिंग पर बिल्व पत्र के साथ ही शमी के पत्ते भी जरूर चढ़ाएं, जानिए कब नहीं तोड़ना चाहिए बिल्व पत्र

अभी शिव जी का प्रिय सावन चल रहा है और ये महीना 19 अगस्त तक रहेगा। बिल्व पत्र के बिना शिव पूजा पूरी नहीं होती है, लेकिन बिल्व के साथ ही शमी के पत्ते भी जरूर चढ़ाना चाहिए। शिवलिंग पर शमी के पत्ते चढ़ाने से कुंडली के शनि दोषों का असर खत्म होता है। ऐसी मान्यता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, बिल्व पत्र कई दिनों तक बासी नहीं माना जाता है। शिव पुराण में लिखा है कि एक ही बिल्व पत्र को बार-बार धोकर फिर से पूजा में इस्तेमाल किया जा सकता है। अभी बारिश के दिन हैं और बिल्व पत्र आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन अगर बिल्व पत्र नहीं मिल रहे हैं तो शिवलिंग पर चढ़े हुए बिल्व पत्र को ही धोकर फिर से भगवान को चढ़ा सकते हैं। बिल्व पत्र के साथ ही शिवलिंग पर शमी के पत्ते भी जरूर चढ़ाना चाहिए। शमी के पत्ते शनिदेव, गणेश जी के साथ ही शिव जी को भी चढ़ाने की परंपरा है। बिल्व पत्र अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या तिथि और रविवार को नहीं तोड़ना चाहिए। इन तिथियों पर बाजार से खरीदकर या शिवलिंग पर चढ़े हुए बिल्व पत्र को धोकर फिर से भगवान को चढ़ा सकते हैं। अभी बारिश का समय है और इन दिनों में लगाए गए पौधे पनपने की काफी अधिक संभावनाएं रहती हैं। इसलिए किसी सार्वजनिक पार्क में या किसी मंदिर में बिल्व का पौधा लगा सकते हैं। आयुर्वेद के मुताबिक, बिल्व के पेड़ में लगने वाला फल बहुत पौष्टिक होता है और इसके नियमित सेवन से हम कई बीमारियों से बचे रहते हैं। इस फल का कई दवाइयों में उपयोग किया जाता है। बिल्व वृक्ष को शिव जी का ही एक स्वरूप माना गया है। इसका एक नाम श्रीवृक्ष भी है। श्री महालक्ष्मी का एक नाम है। इस वृक्ष की जड़ों में देवी गिरिजा, तने में देवी महेश्वरी, शाखाओं में देवी दक्षायनी, पत्तियों में देवी पार्वती, फूलों में मां गौरी और फलों में देवी कात्यायनी वास करतीं हैं।

पत्तियों में देवी पार्वती का वास होने से शिवलिंग पर इसे खासतौर पर चढ़ाया जाता है। शमी का वृक्ष पूजनीय और पवित्र है। घर में शमी का वृक्ष लगाने से शनि के सभी दोषों से मुक्ति मिल सकती है। इसके साथ ही शमी के पत्ते शिवलिंग पर चढ़ाने से सौभाग्य की कामना पूरी हो सकती है। शिव मंदिर जाएं और तांबे के लोटे में गंगाजल या पवित्र जल में गंगाजल, चावल, सफेद चंदन मिलाकर शिवलिंग पर ॐ नम: शिवाय

nandgaon times aug-12-04.qxd 8/11/2024 11:05 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

देवताओं को स्वर्ग में भी दुर्लभ है श्रीमदभागवत कथा - पं. विश्राम पाण्डेय

अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्रीमद्भागवत समस्त वेदों और शास्त्रों का सार है। जब अनेकों जन्मों का पुण्योदय होता है तब हमें श्रीमद्भागवत कथा सुनने का अवसर मिलता है। यह कथा देवताओं को स्वर्ग में भी दुर्लभ है। इसलिये कथा शुरु होने से पहले उन्होंने अमृत के घड़े के बदले में उन्हें श्रीमद्भागवत कथा सुनने की इच्छा जतायी थी।

श्री मद्भागवत महापुराण की उक्त पावन कथा अमोरा (महन्त) में पंडित विश्राम पाण्डेय ने आज प्रथम दिवस सुनायी। भागवत महात्म्य कथा के अंतर्गत उन्होंने भक्ति एवं नारद संवाद विषय का वर्णन करते हुये आगे कहा भक्ति महारानी के दोनो पुत्र ज्ञान और वैराग्य जब वृँदावन में बेसुध पड़े थे तब वहाँ से गुजरते हुये नारद जी ने उनको समस्त शास्त्रों को सुनाया फिर भी उन्हें होश नही आया। और जब उनको श्रीमद्भागवत की कथा सुनायी गयी तब स्वयं भक्ति महारानी अपने दोनो पुत्रों ज्ञान और वैराग्य के साथ हरिनाँम संकीर्तन करने लग गयी। व्यासाचार्य ने आगे कहा कि जब मनुष्य के जीवन मे दुख आता है और वह जीवन जीने की आशा छोड़ देता है तब भागवत की कथा मनुष्य को राह दिखाती है। जिस प्रकार ग्रीष्म काल के बाद वर्षा ऋतु के आगमन पर पूरी पृथ्वी हरी भरी हो जाती है, सूखे हुये पेड़ो में नये पत्ते निकलने लगते है, फूल खिलने लगते हैं उसी प्रकार श्रीकृष्ण और श्रीराम नाम की वर्षा से मानव जीवन की व्यथा , मानव जीवन का कष्ट समाप्त हो जाता है। तत्पश्चात ग्रामवासियों को आगे धुंधुकारी की कथा श्रवण कराते हुये उन्होंनें बताया कि धुंधुम कलहम कार्यांति इति धुन्धकारिहि यानि जो कलह करे , निंदनीय और घृणित कार्य करे, दुसरों को कष्ट दे वास्तव में वही धुन्धकारी है। अगर ये कार्य मनुष्य करने लगे तो समझ जाना हमारे अन्दर धुन्धकारी प्रवेश कर चुका है और इसे

समाप्त करने ने लिये श्रीकृष्ण नाम संकीर्तन की धारा अपने जीवन मे प्रवाहित कर लेने में ही जीव का कल्याण संभव है। गौरतलब है कि मां शंक्रीन दाई की पावन धरा अमोरा (महन्त) में श्रीमति देवकली केंवट की स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। इस कथा के आचार्य पं0 संतोष पाण्डेय मोनू और मुख्य यजमान श्रीमती अंजली सुनील केंवट हैं। यहां दैनिक पूजा आरती सुबह आठ बजे से दस बजे तक होगी। इसके पहले समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलायें सज धजकर सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई पूरे गाँव की भ्रमण की। कलश यात्रा के कथास्थल पहुँचने पर मुख्य यजमानों ने श्रीमद्भागवत की आरती उतारी। कल से कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से हरि इच्छा तक चलेगी , जिसके अगले चरण में 12 अगस्त सोमवार को परीक्षित कथा और विराट पुराण वर्णन , 13 अगस्त मंगलवार को श्री कपिल अवतार और ध्रुव चरित्र , 14 अगस्त बुधवार को जड़भरत कथा और प्रहलाद चरित्र , 15 अगस्त गुरुवार को गजेंद्र मोक्ष - समुद्र मंथन - श्री राम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव , 16 अगस्त शुक्रवार को श्री कृष्णलीला एवं रूखमणी विवाह , 17 अगस्त शनिवार को द्वारिका लीला और सुदामा चरित्र , 18 अगस्त रविवार को दत्तात्रेय कथा , परीक्षित मोक्ष , चढ़ौती एवं कथा विश्राम और 19 अगस्त को तुलसी वर्षा - हवन - सहस्त्रधारा - देव विसर्जन होगा। इस कथा में संगीत क्षेत्र में आर्गन में रामनाथ धीवर (लखाली) , नाल में डीगम केंवट (भदरा) , पैड में नवीन देवांगन (चोरिया) और साईडर रामचंद्र कंवर (भदरा) अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन कर रहे हैं। कथा के आयोजक रामदुलारी केंवट ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथाश्रवण का लाभ लेने की अपील की है।

आज चतुर्थ बाबा महाकाल पालकी यात्रा

सिंगदई हल्दी सिंघोला क्षेत्र में होगी पालकी यात्रा, शोभायात्रा में तिरंगे झंडे लिए भक्त होंगे शामिल

राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)। उज्जैन नगरी के महाकाल पालकी यात्रा की तर्ज पर संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में पवित्र पावन मास सावन के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव के स्वरूप महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा का आयोजन महाकाल मंदिर सिंघोला, महाकाल भक्त सेना द्वारा किया जाता है। पालकी यात्रा अब नगर की पहचान बनते जा रही है। प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली यात्रा शहर के भिन्न भिन्न स्थानों से प्रारंभ होती है ताकि सभी शिव भक्तों को इसमें शामिल होने का धर्म लाभ मिल सके। इस वर्ष सावन में पांच सोमवार पड़ रहे थे। अभी तक तीन सोमवार को पालकी यात्रा भिन्न भिन्न स्थानों से निकल चुकी है। चतुर्थ सोमवार 12 अगस्त दोपहर 12 बजे बाबा महाकाल की पालकी सिंगदई से निकलेगी। महाकाल भक्त पवन डागा ने

बताया कि इस सोमवार को बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा शहर के अंतिम छोर सिंगदई से प्रारंभ होगी जोकि मोहरा, मोहड़ चौक, हल्दी होते हुए महाकाल मंदिर सिंघोला में विश्राम लेगी। पालकी शोभायात्रा में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर तिरंगा झंडा विशेष रूप से शामिल किया गया है हर घर तिरंगे अभियान से जोड़कर पालकी यात्रा में तिरंगे झंडे को शामिल करने का विचार रखा गया है। शोभायात्रा में भगवान शिव के विभिन्न रूप में लोक कलाकार अपनी जीवंत प्रस्तुति देंगे। जिसमें अघोरी नृत्य, तांडव नृत्य का भी प्रदर्शन होगा। बोल बम, हर हर महादेव के जय घोष के साथ भजन कीर्तन, ढोल नगाड़ा, झांझ मंजीरा, डमरू आदि शोभायात्रा के साथ चलेंगे। बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर विशेष रूप से सजी पालकी में सवार हो नगर भ्रमण करेंगे। बाबा की पालकी को सभी आम जन उठा सकते है उन्हें धार्मिक मान्यताओं के साथ पारंपरिक वेशभूषा में होना अनिवार्य है। महाकाल भक्त सेना एवम् महाकाल मंदिर सिंघोला ने शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृक्षारोपण

मॉर्निंग ग्रुप के सदस्यों का 500 वृक्ष लगाने का संकल्प

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान व देश के प्रधानमंत्री का संदेश माँ के नाम एक पेड़ लगाओ अभियान के तहत डोंगरगढ़ मॉर्निंग ग्रुप के सदस्यों ने नगर में 500 वृक्ष लगा उसे सहेजने का संकल्प लिया गया है। इसी अभियान के तहत ग्रुप के सदस्यों ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ व विद्युत विभाग एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अछोली पहुँच नीम, पीपल, औषधि प्रजाति के पौधों का रोपण कर वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर मॉर्निंग ग्रुप के अध्यक्ष विद्यानंद डोंगरे ने कहा कि वृक्ष से ही मानव जीवन है। अगर वृक्ष नहीं रहेंगे तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ जायेगा इसलिए सभी प्रण करें कि इस जीवन में जीना है तो वृक्ष काटने वालों का विरोध कर वृक्ष लगाने की प्रेरणा दें। गंभीर आपदा आ सकती है। वहीं अन्य सदस्यों ने पेड़ लगाने का संकल्प लेते हुए अभियान को पूरे धर्मनगरी में प्रचार प्रसार करने कहा गया। वृक्षारोपण के मौके पर ग्रुप के सुरेंद्र महाराणा ,चितरंजन साहू साया गवली, पार्षद मनोहर कंडरा, दशरथ सोनी, महेश टम्टा, चंदू ब्राह्मणकर, संजय जंघेल,आनंद सोनी, सागर रामटेके, महेंद्र कतलाम, धम्मकीर्ति नंदेश्वर, रूदन लाल, संजय साहू,अजय जांबुलकर, शिक्षक हीरा भैया सहित रेलवे स्टाफ व पूर्व पार्षद व एन्डरमैन मुकेश रामटेके उपस्थित रहे।

परिक्षेत्र बेलरगोंदी के नलेंद्र अध्यक्ष बने

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। तहसील साहू संघ छुरिया के अधीन नवगठित परिक्षेत्रिय साहू समिति बेलरगोंदी के नव मनोनीत अध्यक्ष

नलेंद्र कुमार साहू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर मनोनीत किये हैं। नव गठित बेलरगोंदी परिक्षेत्र में गैंदाटोला का विभाजन कर नवीन परिक्षेत्र का गठन किया गया है जिसमे बेलरगोंदी गहिरा भेड़ी पंडरी पथरा हैडलकोड़ो तेलगांन बिठाल खुर्सीपार पढ़ुड़ा बागड़वार आदि ग्रामो के 600 परिवारो को आधार मानकर नवीन परिक्षेत्र का दर्जा प्रदान किया गया। उक्त मनोनयन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहू समाज के प्रतिनिधि समेत तहसील अध्यक्ष श्री भुनेश्वर प्रसाद साहू परिक्षेत्र गैंदातोला के अध्यक्ष भारत लाल साहू तहसील सचिव ज्ञानचंद साहू धनेश साहू चंद्रकांत साहू अश्वनी साहू सरपंच बेलरगोंदी महेन्द साहू समाज सेवक आदि उपस्थित थे।

जिला यादव समाज ने मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट किया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला के संरक्षक .मधुसूदन यादव के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ समाज प्रमुखों ने प्रदेश के यशस्वी

मुख्यमंत्री.विष्णु देव साय से उनके एक दिवसीय राजनांदगांव प्रवास पर विश्राम गृह में सौजन्य भेंट कर आगामी 3 दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी के अंतिम दिवस 1 सितंबर को सामाजिक सांस्कृतिक कार्य क्रम एवं यादव गौरव सम्मान समारोह गोविंद राम निर्मल कर अडिटोरियम में मुख्य अतिथि के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए यादव समाज का गौरव बढ़ाया है। कार्य क्रम की अध्यक्षता डा रमन सिंह विधायक एवं विधान सभा अध्यक्ष करेंगे इनके अलावा संतोष पांडे सांसद.,मधुसूदन यादव पूर्व सांसद कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप होंगे। 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पूरे प्रदेश में मांस,मदिरा दुकान बंद करने के लिए यादव समाज ने मांग की है जिसे मुख्यमंत्री ने भी स्वीकार किया है। समाज के वरिष्ठजनों में मधुसूदन यादव,दुर्गा प्रसाद यादव,हरीश यादव,महेश यादव,गरीबा यादव, दुर्गेश यादव,उपेंद्र यादवआदि ने मुख्यमंत्री,सांसद,विधायक से सौजन्य भेंट कर समाज का सम्मान बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय अपने एक दिवसीय प्रवास पर आज राजनांदगांव पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब उनके साथ राजनांदगांव पहुंचे। हेलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, श्री सचिन बघेल, श्री खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, श्री रमेश पटेल, श्री भरत वर्मा, श्री कोमल राजपूत, श्री दिनेश गांधी, आईजी श्री दिपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा

नवीन सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली में हुए शामिल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव के नया बस स्टैण्ड में आयोजित तिरंगा रैली कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने तिरंगा रैली को शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे। जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त के विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राज्य से लेकर जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली कार्यक्रम में शहर के गणमान्यगण, जनप्रतिनिधिगण, युवा शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, श्री सचिन बघेल, श्री खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, श्री रमेश पटेल, श्री भरत वर्मा, श्री कोमल राजपूत, श्री दिनेश गांधी, आईजी श्री दिपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सौएल मारकण्डेय, अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com